# एनएचएम में होगी 1800 से ज्यादा संविदा भर्ती

**जयपुर.** चिकित्सा विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न संवर्गों के 1800 से ज्यादा पदों के लिए संविदा भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एएनएम के 1117, जीएनएम के 281, फार्मासिस्ट के 141, लैब टेक्नीशियन्स के 140, पब्लिक हैल्थ मैनेजर के 206, जिला स्तर पर अकाउंटेंट डाटा एंट्री ऑपरेटर के 41, जिला स्तर पर अरबन हैल्थ प्लानिंग कंसल्टेंट (जालोर, डूंगरपुर, सिरोही और प्रतापगढ़) के 4, शहर स्तर पर अकाउंट्स मैनेजर अरबन हैल्थ (जोधपुर, कोटा) के 2 और राज्य स्तर पर प्रोग्राम ऑफिसर के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी।